अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ में दिनॉक 01–10–2014 को स्ववित्तीय संस्थान के प्रबंधन विभाग द्वारा क्रयोसिटी 2014 प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें स्नातक व स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने भाग लिया. कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया. कार्यक्रम का संचालन मैसफेक के मंगलम और नीतिका ने किया. इसमें सात टीमों ने भाग लिया जिनके नाम टीम–ए मास्टर माइड, टीम–बी पन्ट्रस, टीम–सी चैमप्स, टीम–डी टाइफून, टीम–ई जगुआर, टीम–एफ रॉकेटस व टीम–जी डेयरडेवल्स थे.
यह प्रतियोगिता छः चरणों मे आयोजित की गई. पहले चरण में सामान्य ज्ञान, दूसरे में मनोरंजन, तीसरे में सूचना प्रौद्योगिकी, चौथे में महान हस्तियों की पहचान, पांचवे में वर्तमान परिपेक्ष्य तथा अंतिम चरण में रैपिड फायर से संबंधित प्रश्न पूछे गए. इसमें निर्णायक मंडल की भूमिका डिंपल गोयल एवं डॉ0 ऊषा चौधरी ने निभाई.
अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रबंधन विभागाध्यक्षा डॉ0 शिल्पा गोयल को बधाई देकर मैसफेक के सदस्यों की प्रशंसा की और कहा कि समय–समय पर ऐसी अनेकानेक अतंरमहाविद्यालय गतिविधियाँ आयोजित करते रहें जिससे सभी प्रबंधन के गुर सिखते रहे. इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर टीम–बी पन्ट्रस (सदस्यों के नाम पीयुष राज, सपना शर्मा व अदा), दूसरे स्थान पर टीम–डी टाइफून (सदस्यों के नाम इकछिता, नेहा व निखिल) थे. प्राचार्य महोदय डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता ने विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. कार्यक्रम का समापन डॉ0 शिल्पा गोयल ने किया. इस अवसर पर प्रबंधन विभाग की सभी अध्यापिकाएं उपस्थित रही.